हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 29 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

13 सावन के तीसरे सोमवार को कर्णेश्वर मंदिर में उमड़ा...



14 धूमधाम से निकली नागदेव की पालकी यात्रा





कामटेक महाविद्यालय
First AICTE Approved College
संबद्धता-उच्च शिक्षा छ.ग. शासन एवं पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि.
B.Sc
BCA
B.Com प्लेन एवं कम्प्यूटर्स
PGDCA
DCA
सीमित सीटें
सेमेस्टर सिस्टम (100% रिजल्ट)
शासकीय छात्रवृत्ति प्राप्त करें
ST, SC, OBC 100% UPTO SCHOLARSHIP BASE ADMISSION
आज ही संपर्क करें प्रातः 10 से 2 बजे
अंबेडकर चौक, सोरिद पुल के पास सोरिद नगर धमतरी, मो. 9425503082

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

13 में से 11 सदस्य भाजपा समर्थित फिर भी 5 संख्या का कोरम पूरा नहीं, तीसरी बैठक भी स्थगित

# भारी बहुमत वाले जिपं के भीतरखाने में गड़बड़झाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिला पंचायत में भाजपा का एकतरफा बहुमत होने के बाद भी यहां कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। सोमवार को आहूत की गई सामान्य सभा की बैठक तीसरी बार स्थगित हो गई है। इस बार स्थगन की वजह कोरम के अभाव को बताया जा रहा है। मजे की बात है कि 13 सदस्यीय वाले जिला पंचायत में 11 सदस्य भाजपा से हैं और कोरम के लिए कम से कम 5 सदस्य होना अनिवार्य है। बैठक में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और एक सभापति उपस्थित हुए जबकि कांग्रेस से नीलम चंद्राकर, कविता बाबर जिला पंचायत पहुंचने के बाद बैठक का बहिष्कार कर लौट गए।

जिला पंचायत के सत्तासीन जनप्रतिनिधियों के अंदरखाने में क्या चल रहा है, यह सवाल विपक्ष पूछने लगा है। विपक्ष के लीडर नीलम चंद्राकर ने भाजपा सदस्यों के उपस्थित नहीं होने पर सवाल किया कि भाजपा सदस्यों के भीतरखाने में क्या चल रहा है, वही बता पाएंगे। लेकिन जबसे चुनाव हुआ है तबसे लगातार ऐसी नौबत आ रही है। जिपं सीईओ बैठक की अनिवार्यता को नहीं समझती। उनके साथ हर मामले में भेदभाव किया जाता है। 15वें वित्त की राशि का बराबर आवंटन नहीं होने की जानकारी मिल रही है। उन्होंने सभी क्षेत्र में बराबर राशि आवंटन की मांग की।

उल्लेखनीय है कि जिपं धमतरी की पहली बैठक 17 जुलाई को आयोजित की गई थी। आवश्यक कार्य से बाहर होने के कारण इस दिन बैठक नहीं हो सकी। दूसरी बैठक 23 जुलाई को बुलाई गई थी। इस दिन जिपं सीईओ के रायपुर बैठक में होने से इसे निरस्त की गई। सोमवार को तीसरी बैठक बुलाई गई लेकिन अध्यक्ष अरूण सार्वा, उपाध्यक्ष गौकरण साहू ⏩ शेष पेज 12 पर



### कांग्रेसी सदस्यों के साथ भेदभाव का आरोप



जिपं सदस्य कविता बाबर ने कहा कि कांग्रेसी सदस्यों के साथ हमेशा भेदभाव किया जा रहा है। उनके क्षेत्र के विकास के लिए 15वें वित्त की आवंटन राशि में भेदभाव की तैयारी चल रही है। अन्य सदस्यों की तरह उन्हें भी बराबर राशि मिलनी चाहिए अन्यथा उनके क्षेत्र का विकास कैसे होगा। उन्हें भी जनता को जवाब देना है। श्रीमती कविता बाबर कहती हैं कि विपक्ष के दोनों वरिष्ठ सदस्यों के बैठने की व्यवस्था पर भी ध्यान नहीं दिया गया है।

### आरोप मनगढ़ंत : अरूण सार्वा

जिपं अध्यक्ष अरूण सार्वा ने कहा कि बैठक में कुछ सदस्य घरेलू कार्य, धार्मिक कार्य तथा अस्पताल जाने के कारण उपस्थित नहीं हो पाए। पुनः बैठक बुलाकर एजेंडे पास कराए जाएंगे। उन्होंने सदस्यों के बीच तालमेल के अभाव को मनगढ़ंत बताते हुए कहा कि सदस्यों में कोई नाराजगी नहीं है। कांग्रेस समर्थित दो सदस्य जिपं पहुंचे थे। उनके कक्ष में भी बैठे थे लेकिन बैठक में शामिल नहीं हुए। विकास कार्यों के एजेंडे पर चर्चा होगी।

# निगम टीम लेगी नागरिकों से रोटी, अनाज का दान





- एकत्रित करने टब और रिक्शा लेकर वार्डों में जाएगी टीम
- संकलित अनाज को कांजी हाउस में बंद मवेशियों को खिलाया जायेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर निगम प्रशासन इन दिनों एक नया अभियान छेड़ने जा रहा है। इसकी शुरुआत वार्डों में मंगलवार से होगी।

ज्ञात हो कि शहरी के नागरिक घुमंतु मवेशी को घरों के बचे अनाज को अपने घर के सामने या सार्वजनिक जगह पर खिलाते हैं। अब इसे दूसरे तरीके से अपनाने का आग्रह नागरिकों से किया जा रहा है। निगम की टीम रिक्शा के माध्यम से चावल रोटी का टब लेकर मोहल्लों में घूमेगी। इच्छुक नागरिक बचे हुए चावल रोटी उसी टब में डालेंगे। एकत्रित अनाज को निगमकर्मी अर्जुनी स्थित कांजी हाउस में बंद मवेशियों को खिलाएंगे।

स्वास्थ्य अधिकारी शंशाक मिश्रा ने बताया कि आयुक्त के निर्देश के बाद यह अभियान शुरु किया जा रहा है, ताकि खुले में रोटी, चावल, अनाज न देकर निगम टीम को दिया जाए ताकि सड़कों पर बेवजह मवेशियों की भीड़ न लगे। शहर साफ सुथरा और स्वच्छ रहे। शुरुआती दौर में शहर के पांच वार्ड में इसका प्रयोग किया जाएगा। रिस्पांस मिलने पर शहर के 40 वार्डों में टब लेकर निगम टीम रिक्शा के सहारे जाएगी।

## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 462 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**धमतरी।** जिले में एक जून से अब तक 462.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में अब तक सर्वाधिक औसत वर्षा 599 मिमी कुकरेल तहसील और सबसे कम 273.7 मिमी औसत वर्षा मगरलोड तहसील में दर्ज की गई है। इसी तरह धमतरी तहसील में 593.9 मिमी, नगरी तहसील में 468.1 मिमी, कुरूद तहसील में 429.8 मिमी, भखारा तहसील में 440 मिमी और बेलरगांव तहसील में 434 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई।

# तहसीलदार, नायब तहसीलदारों की हड़ताल से राजस्व काम अटके

- छग कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले धरना प्रदर्शन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छग कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनरतले जिले के तहसीलदार, नायब तहसीलदार सोमवार से तीन दिन के लिए हड़ताल पर चले गए। संघ की 17 सूत्रीय मांगों को लेकर 28 जुलाई को जिला स्तर पर, 29 को संभाग स्तर पर व 30 जुलाई को प्रांत स्तर पर धरना प्रदर्शन करेंगे। हड़ताल पर जाने से राजस्व संबंधित सभी कार्य पेंडिंग हो गए हैं।



धरना प्रदर्शन में जिले के तहसीलदार, मनोज भारद्वाज, सूरज बंछोर, दुर्गा साहू, रूपेश चंद्राकर, चुम्मनलाल ध्रुव, शिवेंद्र सिन्हा, अखिलेश देशलहरे, अतिरिक्त तहसीलदार कुसुम प्रधान, नायब तहसीलदार दीपेंद्र पटेल, छत्रपाल चंद्राकर, श्रीराम सिन्हा, विनोद बंजारे, विवेक चंद्राकर, दुर्गेश तंवर आदि मौजूद थे।

प्रमुख मांगों में तहसीलों में स्वीकृत सेटअप की पदस्थापना, तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर पद पर पदोन्नति, नायब तहसीलदार पद को राजपत्रित करने, ग्रेड पे सुधार, शासकीय वाहन की उपलब्धता, निलंबन से बहाली, न्यायालीन प्रकरणों से आदेशों का पालन, न्यायालयीन आदेश पर एफआईआर नहीं, न्यायालय में उपस्थिति की व्यवस्था, मानदेय भुगतान एवं नियुक्ति, प्रशिक्षित आपरेटर की नियुक्ति, एसएलआर एएसएलआर की बहाली, व्यक्तिगत मोबाइल नंबर की गोपनीयता, राजस्व न्यायालय की सुरक्षा के लिए सुरक्षाकर्मी, सड़क दुर्घटना मुआवजा की व्यवस्था, संघ की मान्यता और विशेषज्ञ कमेटी गठन शामिल है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969



## खबर संक्षेप



### पीपरछेड़ी में 3 अगस्त को तुलसीदास जयंती

**कोर्रा(भखारा)।** मानस शक्ति केन्द्र रांवा के तत्वावधान में मानस ग्राम पीपरछेड़ी देमार में 3 अगस्त को शीतला माता मंदिर प्रांगण नवीन रंगमंच पर संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम में ओम निखिलम मानस परिवार पीपरछेड़ी, नवदुर्गा महिला मानस मण्डली तरसींवा, शिवम मानस मण्डली रांवा और पारसमणि मानस परिवार पुरानी बस्ती रायपुर की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी ओमप्रकाश साहू सचिव मानस शक्ति केन्द्र रांवा ने दी।

### प्राचार्य ने दिया न्योता भोज

**धमतरी।** शाउमावि सलोनी के प्राचार्य आरके गुप्ता ने अपने जन्मदिन के अवसर पर कक्षा नवमी से बारहवीं के बालक-बालिका, स्टाफ एवं शाला प्रबंधल के सदस्यों को न्योता भोज दिया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार समेत प्राचार्य के परिजन उपस्थित थे।

## निधन

### मोहन बन गोस्वामी



**जीजामगांव।** नगर पंचायत भखारा के प्रतिष्ठित व्यक्ति व जय बजरंग मेडिकल के संचालक मोहन बन गोस्वामी का निधन 28 जुलाई हो गया। वे स्व. जगदीश बन के छोटे भाई एवं सुरेश बन के बड़े भाई तथा नारायण गिरी गोस्वामी के साला थे। अंतिम सस्कार 29 जुलाई को सुबह 10 बजे भखारा में गोस्वामी समाज के आरक्षित शांति घाट में किया जायेगा। मोहन बन के निधन पर जिला गोस्वामी समाज ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### भारी बहुमत वाले जिपं के भीतरखाने में...

तथा सभापति अजय फत्तेलाल ही उपस्थित हुए जबकि अन्य भाजपा सदस्य टीकाराम कंवर, मोनिका देवांगन, अनीता ध्रुव, पूजा सिन्हा, कुलेश्वरी गायकवाड़, मीना साहू, धनेश्वरी साहू, गरिमा नेताम अनुपस्थित रहे। सोमवार को सामान्य सभा का सम्मिलन जिपं में 11 बजे आहूत किया गया था जिसमें कृषि विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग, बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन विभाग, खनिज विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा, जिपं विकास निधि मद अंतर्गत प्राप्त कार्ययोजना का अनुमोदन सहित अन्य विषयों पर चर्चा रखी गई थी। बताया जा रहा है कि 15वीं वित्त योजना के तहत सभी सदस्यों को क्षेत्र के विकास के लिए 40-40 लाख रुपये का आवंटन मिलता है लेकिन कांग्रेस सहित अन्य भाजपा सदस्यों की आवंटन राशि को कम करने का विरोध हो रहा है।

---

यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट आपरेशनल कमांड की हुई बैठक

# समन्वय बनाकर नक्सल उन्मूलन अभियान को दी जाएगी गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में नक्सल उन्मूलन एवं सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए एसपी कार्यालय की समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा ली गई बैठक में सीआरपीएफ कमांडेट, एएसपी नक्सल आपरेशन, एसआईबी प्रभारी, नक्सल प्रभावित थाना प्रभारी, डीआरजी, सीआरपीएफ एवं सीएएफ के कमांडर सहित पुलिस अधिकारी की मौजूदगी में प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई जिसमें नक्सल प्रभावित क्षेत्र की वर्तमान स्थिति का विशलेषण करते हुए जंगल क्षेत्र में संदिग्ध मूवमेंट, ग्रामीणों पर माओवादियों का दबाव और हाल की घटनाओं की समीक्षा की गई।

**आपसी तालमेल को मजबूत किया जा रहा : एसपी परिहार**

पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार ने कहा कि नक्सल समस्या का समाधान केवल सुरक्षा बलों की तैनाती से नहीं बल्कि साझा रणनीति, सटीक सूचना और जनभागीदारी से संभव है। जिले में सभी सुरक्षा एजेंसियों के बीच आपसी तालमेल को और मजबूत किया जा रहा है।



इसी तरह संयुक्त कार्ययोजना तैयार करते हुए सीआरपीएफ, छस बल, जिला पुलिस डीआरजी एवं एसआईबी के बीच त्वरित सूचनाओं का आदान-प्रदान, समन्वित आपरेशन एवं गश्त के लिए साझा प्रोटोकाल पर चर्चा की गई। बैठक में खुफिया तंत्र को सक्रिय करने एवं आमजनता से संवाद बढ़ाने के विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया है कि यूडीओसी की बैठक हर माह नियमित रूप से आयोजित की जाएगी। सभी आपरेशनल गतिविधियों की समीक्षा एवं योजना उसी आधार पर तय की जाएगी। जनसहयोग, खुफिया कार्यप्रणाली एवं संयुक्त कार्रवाई के त्रिस्तरीय दृष्टिकोण के साथ नक्सल विरोधी मुहिम को और तेज गति देने का संकल्प लिया गया है।

**सुरक्षाबलों के बीच रूटीन संवाद आवश्यक : कमांडेट बहाली**

सीआरपीएफ 221वीं वाहिनी के कमांडेट आरके बहाली ने कहा कि हमारे लिए यह आवश्यक है कि सभी सुरक्षाबलों के बीच रूटीन संवाद और समन्वय बना रहे। आपरेशन की सफलता की कुंजी यही है कि हर एजेंसी अपने कार्य क्षेत्र में पूर्ण पारदर्शिता व तत्परता के साथ कार्य करें।

समन्वय बैठक में आरके बहाली, कमांडेट 21वीं वाहिनी, सीआरपीएफ थनौद अभनपुर रायपुर, जिला धमतरी प्रभारी, सीआरपीएफ कैम्प बिरनासिल्ली, बहीगांव एवं मेचका, प्रभारी छस. बल कैम्प सिहावा, खल्लारी, प्रभारी डीआरजी नगरी, एएसपी नक्सल आपरेशन शैलेंद्र पांडे, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा व नगरी, सिहावा, बोराई, मेचका, दुगली, मगरलोड, खल्लारी थानो के प्रभारी एवं विशेष सूचना शाखा सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# मंगलसूत्र, चूड़ी-कंगन उतरवाना महिला परीक्षार्थी के आत्मसम्मान पर हमला : नीलम

- आबकारी आरक्षक परीक्षा में परीक्षार्थियों के साथ हुए व्यवहार का जिपं सदस्य ने की निंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

व्यावसायिक परीक्षा मंडल की सख्ती से परीक्षार्थियों की परेशानी बढ़ गई है। भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए बनाया गया नियम परीक्षार्थियों की परेशानी का सबब बन गया हैं। खासकर महिला परीक्षार्थियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

कांग्रेसी नेता व जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर ने प्रेस नोट जारी कर कहा कि छत्तीसगढ़ व्यापमं द्वारा रविवार को आबकारी आरक्षक प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी जिसमें शासन



परीक्षार्थियों के साथ सख्ती बरतने के नाम पर प्रताड़ित कर रही है। परीक्षार्थियों को केंद्र परिसर में ही कपड़े बदलने पड़ रहे हैं। विवाहित महिला परीक्षार्थियों के कानों से बाली, गले से मंगलसूत्र, चूड़ी-कंगन, अंगूठी उतरवाई जा रही हैं। यह उनके आत्मसम्मान व गरिमा पर हमला है। उन्हें मानसिक और शारीरिक पीड़ा झेलनी पड़ रही है।सख्त नियमों के चलते जिले में सैकड़ों परीक्षार्थी परीक्षा से वंचित हो गए। उनकी महीनों सालों की मेहनत बेकार चली गई। सरकार सख्ती के नाम पर परीक्षार्थियों से अपमानजनक व्यवहार कर रही है। वे नहीं चाहते कि युवा परीक्षा में शामिल हो और नौकरी करें क्योंकि सरकार की मंशा नौकरी देने की नहीं है। भूपेश बघेल सरकार के समय प्रतियोगी परीक्षाएं निशुल्क थीं, बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता मिलता था, युवाओं के लिए रोजगार का अवसर था। परीक्षा केंद्रों में तानाशाही रवैया अपनाकर परीक्षार्थियों को मानसिक पीड़ा पहुंचाई जा रही है। सरकार परीक्षार्थी युवाओं का शोषण कर रही हैं।

श्री चंद्राकर ने कहा कि परीक्षार्थियों के साथ मानवीय और सम्मानजनक व्यवहार किया जाए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में छात्रों के साथ हुए दुर्व्यवहार की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने एवं परीक्षा से वंचित छात्रों के लिए पुनः परीक्षा आयोजित करने की मांग की।

---

# ब्लॉक कांग्रेस भखारा में नए मंडल, सेक्टर अध्यक्ष नियुक्त

- मड़ेली मंडल अध्यक्ष गैंदलाल, उपाध्यक्ष वीरेंद्र बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

ब्लाक कांग्रेस भखारा में नए मंडल, सेक्टर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष राजू साहू ने बताया कि अब मंडल अध्यक्ष एवं सेक्टर अध्यक्ष के साथ 20 सदस्य और गठित किए जाएंगे जिससे संगठन को बूथ स्तर तक मजबूती मिलेगी। उदयपुर संकल्प शिविर के आधार पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर सभी ब्लाक कांग्रेस कमेटी को नए पदाधिकारी चयन के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया है।

इसी क्रम में जिला प्रभारी वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र तिवारी व मोहम्मद सिद्दीकी को नियुक्त किया गया है। इनके मार्गदर्शन में ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा के सभी मंडल, जोन



सेक्टर में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति हुई। मड़ेली मंडल अध्यक्ष गैंदलाल साहू कोलियारी, उपाध्यक्ष वीरेंद्र सोनवानी कचना, सेमरा मंडल अध्यक्ष चमन साहू गाड़ाडीह, कोर्रा मंडल रामेश्वर राजा बंजारे लोहारपथरा, कोसमर्रा मंडल अध्यक्ष रामचंद्र साहू बगदेही, भखारा मंडल अध्यक्ष संतोषी निषाद तथा मड़ेली सेक्टर अध्यक्ष दयालाल साहू कचना, अंवरी सेक्टर दिलीप साहू भैंसबोड़, सेमरा सेक्टर गौतम देवांगन सुपेला, रामपुर सेक्टर टिकेश्वर सिन्हा गाड़ाडीह , जरवाय हेमलाल पटेल, तर्रागोंदी शत्रुघन साहू टिपानी, जोरातराई सी सेक्टर सूर्यकांत साहू ईरा, भेंड्रा सेक्टर विवेक साहू गातापर, कोसमर्रा सेक्टर अशोक साहू, बगदेही सेक्टर घनश्याम साहू, बगौद थुहा सेक्टर देव कुमार टंडन बंजारी बनाए गए। इस प्रकार कुल 5 मंडल जोन एवं 14 सेक्टर अध्यक्ष नियुक्त किए गए।

इस अवसर पर पूर्व विधायक लेखराम साहू, तारिणी नीलम चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष भरत नहर, पूर्व जपं अध्यक्ष शारदा साहू, पूर्व जिपं सदस्य गोविंद साहू, जपं सदस्य बनिता सिन्हा, प्रभारी महामंत्री होमेंद्र साहू, मोतीलाल सिन्हा, अशोक साहू सोहन साहू, भूषण साहू, महेंद्र साहू, बिट्टू गौर, रूपचंद साहू, वीरेंद्र साहू, इंदु साहू, शोभाराम यादव, उदय साहू, अमित, लेखराम यादव, बीना लक्ष्मीनारायण साहू, कुलेश्वर साहू, संतोष साहू उपस्थित थे।

---

# बगदेही में बनेगा शेड, विधायक को भगवान राम का छायाचित्र भेंट किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶बगदेही(धमतरी)

ग्राम बगदेही में कृषि उपज मंडी बोर्ड के मद से व कुरूद विधायक अजय चंद्राकर की अनुशंसा से बाजार चौक में 36 लाख का शेड निर्माण किया जाना है। राशि स्वीकृत होने पर सरपंच अनुसुइया ध्रुव, उपसरपंच संगीता यादव, भाजपा कार्यकर्ता नोहर साहू, पंच गेंदधर ध्रुव, रेखराम, कामता साहू, बीरेंद्र साहू, दीपक यादव, जैन ध्रुव ने श्री चंद्राकर को भगवान रामचंद्र का छायाचित्र भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया। ग्रामीणों ने कहा कि शेड निर्माण से गांव में सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने पर सुविधा होगी।

---

# सशक्त समाज के निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका : जगदीश्वर प्रसाद

- भखारा तहसील ब्राम्हण समाज की बैठक में आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)



ग्राम कोर्रा में भखारा तहसील ब्राम्हण समाज की बैठक हुई, जिसमें समाज के उत्थान पर चर्चा की गई। आगामी कार्यक्रमों पर विमर्श किया गया। सदस्यों ने सशक्त समाज के निर्माण में सदस्यता अभियान चलाने पर जोर दिया।

यह बैठक ग्राम कोर्रा के बालाजी मंदिर परिसर में यशवंत शुक्ला की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समाज के समग्र उत्थान पर चर्चा की गई। विशेष रूप से विप्रविद्वत परिषद के गठन एवं सदस्यता अभियान पर विमर्श किया गया। बैठक में दिसंबर माह में उपनयन संस्कार आयोजित करने का निर्णय लिया गया। आगामी बैठक 12 अगस्त मंगलवार को नगर पंचायत भखारा के काली मंदिर में होगी। भखारा तहसील ब्राम्हण समाज के कोषाध्यक्ष जगदीश्वर प्रसाद शर्मा ने कहा कि सशक्त समाज के निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका होती है। युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा को सही दिशा दी जाए तो समाज में बड़ा और साकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। समाज के उत्थान की नींव युवाओं की सक्रियता पर निर्भर है।

मौके पर भखारा तहसील ब्राम्हण समाज के संरक्षक योगेश्वर उपाध्याय, अध्यक्ष यशवंत शुक्ला, उपाध्यक्ष घनश्याम तिवारी, कोषाध्यक्ष जगदीश्वर प्रसाद शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य विनोद चौबे, जिला अध्यक्ष मदन शर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य मुरलीधर दीवान, सचिव सुनील तिवारी, सलाहकार ओमप्रकाश तिवारी, कमलेश तिवारी, अतुल तिवारी, हैग्रीव प्रसाद शर्मा उपस्थित थे।

---

# गिरौद स्कूल समिति की उपाध्यक्ष को कलेक्टर ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

शासकीय माध्यमिक शाला गिरौद की उपाध्यक्ष एवं प्राथमिक शाला की सदस्य श्रीमती राधिका निषाद को स्कूल में शैक्षणिक कार्यों एवं सामुदायिक सहभागिता के लिए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने शैक्षणिक किट सह प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। राधिका निषाद की शुरू से ही पढ़ाई लिखाई में रूचि रहीं है। स्मार्ट टीवी, भारत माता की मूर्ति एवं पेड़ पौधा हेतु क्यारी निर्माण में अमूल्य योगदान रहा है। विनोबा एप्प में भी जोड़ा गया है जिसमें स्कूल की गतिविधियों, निरिक्षण एवं पौधरोपण कार्यों में भी सहयोग रहा है। बैगलेस डे का अच्छे से संचालन, नवोदय विद्यालय में बच्चों का चयन एवं सभी प्रतियोगिताओं में बच्चों की उपलब्धि अच्छी रही है। न्योता भोजन एवं शैक्षणिक गतिविधियों में स्कूल समिति का अमूल्य योगदान रहा है। स्कूल के सतत विकास में समिति हरसंभव प्रयास कर रही है।

---

# सूक्ष्म जैविक बैक्टीरिया के उपयोग की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरूर(धमतरी)

शाखा प्रबंधक, पर्यवेक्षक एवं समिति प्रबंधकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ। नैनो यूरिया, नैनो डीएपी एवं सूक्ष्म जैविक बैक्टीरिया के उपयोग के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। मुख्यालय रायपुर से श्री चंद्राकर, सुनीता शर्मा वर्ग एक के अधिकारी, बीपी गोस्वामी नोडल अधिकारी जिला धमतरी, इफको प्रबंधक दिनेश गांधी, इफको जिला प्रबंधक एलबी सिंग, जिले के समस्त शाखा प्रबंधक, पर्यवेक्षक एवं समिति प्रबंधक उपस्थित थे। यह जानकारी समिति प्रबंधक नरेंद्र साहू छाती ने दी।

---

# पेड़ हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा : नेताम

- सुखराम नागे महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत हुआ पौधरोपण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बलदेव राम नेताम, बीएसपी डीएस नेताम दयाराम सार्वा सीआरपीएफ ग्राम गोरेगांव, महेशराम नेताम सरपंच घुरावड़, लीलांबर नागवंशी सरपंच भुरसीडोंगरी थे। उन्होंने पौधरोपण कर हरियाली और पर्यावरण संतुलन के प्रति जनजागरण का संदेश दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डा मनदीप खालसा ने की। उन्होंने कहा कि पेड़ केवल धरती को हरा भरा ही नहीं बनाते, बल्कि मानव जीवन के लिए आक्सीजन का प्रमुख स्त्रोत है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से



कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल भी करनी चाहिए।

मुख्य अतिथि बलदेव राम नेताम ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। यदि हम आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य देना चाहते हैं तो हमें वृक्षों को मित्र की तरह अपनाना होगा।

विशिष्ट अतिथि दयाराम सार्वा ने कहा कि हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि हम प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनें। पौधारोपण केवल एक दिन का कार्य नहीं बल्कि यह सतत चलने वाला अभियान है। एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकार राजाराम मेहरा ने कहा कि एक पेड़ लगाना एक तालाब खुदवाने के पुण्य के बराबर होता है। इस दौरान अमरूद 3, कल्मी आम 3, बेल 2 और अनेक फूलदार पौधों का रोपण किया गया। मौके पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.अश्वनी ध्रुव, प्रो. राजाराम मेहरा, डॉ. दीपा देवांगन, प्रो.मोहित कुमार, प्रो. लालमन बेरवंश, डॉ. कविता, अतिथि व्याख्यातागण डॉ. ममता सौरज, डॉ. खेमचंद, प्रमोद चौरे, श्रीमती उर्वशी साहू, डॉ. वेणु साहू, सौरभ पाण्डे, सुश्री डिलेश्वरी पटेल, सुश्री नेहा राजन, अविरल तिवारी, मनोज बारले, मो. अब्बास मेमन सहित छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

---

श्रावण मास के तृतीय सोमवार को कांवड़ियों को खीर-पूड़ी बांटी गई

# गोरेगांव में शिवभक्ति और सेवा का अनुपम संगम दिखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

श्रावण मास की पावन बेला में ग्राम गोरेगांव में तीसरे सोमवार को शिवभक्ति और सेवा का अनुपम संगम देखने को मिला। ग्राम के शिवभक्तों द्वारा श्रावण मास के अवसर पर खीर-पूड़ी प्रसादी वितरण किया गया। यात्री प्रतीक्षालय के पास बनाए गए सुसज्जित पंडाल में श्रद्धालु बड़ी संख्या में एकत्र हुए। कांवड़ यात्रियों और शिवभक्तों के लिए गरमागरम खीर और पूड़ी की



व्यवस्था की गई थी।

इस अवसर पर सैकड़ों कांवड़ यात्री छत्तीसगढ़ की पुण्य सलिला महानदी के उद्गम स्थल महामाया फारसियां से पवित्र जल भरकर निकले। श्रद्धालु जल कलश लेकर कर्णेश्वर महादेव मंदिर एवं भूतेश्वर महादेव मंदिर (गरियाबंद) की ओर कांवड़ यात्रा करते हुए रवाना हुए। मंदिरों में भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक कर सभी ने गांव-समाज की सुख-शांति एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

बोल बम एवं शिव नाम के जयघोषों, भक्ति संगीत और प्रसादी वितरण के इस आयोजन ने गोरेगांव को एक दिन के लिए भक्ति तीर्थ में बदल दिया। श्रद्धालुओं की सेवा में युवा उत्सव समिति के साथ-साथ ग्रामवासियों ने भी तन-मन-धन से सहयोग कर एक सुंदर मिसाल पेश की।

इस आयोजन में तुलेश्वर सोन, जयदेव यदुराज, यशवंत साहू, जीवन यादव, दुष्यंत साहू, जातेश सोन, कबीर हिरवानी, ओमेश अटलखाम, गीतेश अटलखाम, श्यामलाल साहू, सुभाष बंजारे, दिनेश साहू, मुकेश ने निःस्वार्थ सेवा भाव से भाग लेकर शिवभक्ति और सामाजिक एकता की अद्भुत मिसाल प्रस्तुत की।

---

### शारदा महिला समिति ने मनाया सावन उत्सव

**धमतरी।** मां शारदा महिला समिति द्वारा सावन उत्सव मनाया गया। समिति की सचिव श्रीमती रंजना भट्टाचार्य ने बताया कि पार्वती ने शंकर भगवान को खुश करने के लिए सावन महीने में सोलह श्रृंगार कर उत्सव मनाया था, इसलिए बंग समाज की महिलाएं भी उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाती हैं। मौके पर श्रीमती मधुमिता डे, लिपि पाटीकर, दीपा, सोमा साव, इशिता, मीनू पवार, मीठू मुखर्जी, रीता, प्रियंका बिश्वास, बरणाली पोद्दार, चीनूदास मौजूद थे।

## अंचल की खबरें

### महिला कांवरियों का हुआ सम्मान



**धमतरी।** दोनर की बोल बम महिला कांवरियों का दर्री में सम्मान किया गया।

### भारतीय सेना के अदम्य साहस को किया याद



**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमातालाब में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कक्षा 12वी के छात्र ईशिका मंडल, श्रद्धा यादव, राशि साहू, सजल यादव एवं कक्षा 11वीं की छात्र नारायणी सिन्हा ने अपने भाषण में भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य एवं वीरता को याद किया और सभी छात्रों में राष्ट्रीयता का भाव भरते हुए देश सेवा के लिए आगे आने का आव्हान किया। मुख्य वक्ता प्रदीप यादव, केवलसिंह साहू ने अपने ओजस्वी भाषण से छात्रों को रोमांचित कर दिया।

### जिला शिक्षा अधिकारी को रक्षा सूत्र भेंट किया



**धमतरी।** देश के वीर सैनिकों के लिए रक्षाबंधन पर्व पर स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय हटकेशर की शिक्षिकाओं एवं रोवर रेंजर विद्यार्थियों द्वारा रक्षा सूत्र का निर्माण किया गया जिसे वीर जवानों तक पहुंचाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को भेंट किया। इस अवसर पर प्राचार्य राजकुमार शर्मा, स्टाफ योगिता कंवर रेंजर लीडर, ओमप्रकाश नामदेव, शंकर देव, खिलेंद्र साहू, भुनेश्वर प्रसाद साहू, रामानंद साहू, लीना भारती सिन्हा, आराधना साहू, सविता साहू समेत विद्यार्थी उपस्थित थे।

### वंदेमातरम स्कूल में कारगिल विजय दिवस मना




**धमतरी।** वंदेमातरम इंग्लिश मीडियम स्कूल में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। डायरेक्टर सुबोध राठी के मार्गदर्शन में बच्चों को सैन्य क्षेत्र में जागरूक करने के लिए नवाचार पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया है जिसमें सेना के सभी दिवस को बच्चों के साथ उत्साह पूर्वक मनाया जाता है। ट्रेनर एलके साहू हैं। इस अवसर पर बच्चों ने देशभक्ति थीम पर पेंटिंग बनाई। देशभक्ति थीम पर वाद-विवाद प्रतियोगिता भी हुई। इस अवसर पर श्री राठी ने युवाओं को देश के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रिंसिपल रेखा मैडम, वाइस प्रिंसिपल कश्यप मैडम का विशेष योगदान रहा।

### सलोनी स्कूल में छात्र परिषद का गठन



**धमतरी।** हायर सेकेण्डरी स्कूल सलोनी में छात्र संघ प्रभारी एएस ध्रुव के संयोजन में छात्र परिषद का गठन किय। शाला नायक यशकुमार इंदोरिया, शाला उपनायक प्रतीक कुमार, छात्रा प्रतिनिधि पूनम सूर्यवंशी, अनुशासन सचिव आकाश ध्रुव, क्रीडा. सचिव हिमांशी, विज्ञान सचिव तनुजा लुकेशवरी, स्वच्छता सचिव ताम्रध्वज सिन्हा, पुस्कालय सचिव लिमका ध्रुव, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक सचिव माला, हिना निषाद तथा इको क्लब सचिव युवरानी का मनोनयन किया गया है। सभी निर्वाचित एवं मनोनित सदस्यों को प्राचार्य आरके गुप्ता ने शपथ दिलाई।

### स्वामी विवेकानंद वार्ड में सुनी गई मन की बात



**धमतरी।** पीएम नरेंद्र मोदी की मन की बात का 124वां एपिसोड स्वामी विवेकानंद वार्ड की पार्षद एवं एमआईसी सभापति श्रीमती विभा चंद्राकर के निवास में सुना गया। प्रधानमंत्री ने बुंदेलखंड के किले, सुभांशु शुक्ला की सफलता, बुनकरों की प्रतिभा, मेघालय छत्तीसगढ़ तमिलनाडु के सफाई मित्र सहित कई अन्य विषय पर अपनी बात रखी। एपिसोड सुनने जिला महामंत्री अविनाश दुबे, किसान मोर्चा महामंत्री रोहिताश मिश्रा, आमदी मंडल अध्यक्ष विनय जैन, नगर निगम स्पीकर श्रीमती कौशल्या देवांगन, केवल साहू, मनोज राठी, नीरज श्रीवास्तव, उमेश शाह, लोकेश टंडन, राजेश त्रिपाठी, अतुल साहू, संतोष देवांगन, विशाल रामरख्यानी, पुष्पा सिन्हा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### प्रेरणादायक कार्य के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सम्मानित



**धमतरी।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अछोटा सेक्टर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती कला ध्रुव ने दो ऐसे बच्चे जो पूर्व में निजी नर्सरी स्कूल में अध्ययनरत थे, वापस आंगनबाड़ी केन्द्र में प्रारंभिक शिक्षा के लिए प्रेरित किया। इस प्रेरणादायक कार्य के लिए श्रीमती कला ध्रुव को महिला एवं बाल विकास सभापति श्रीमता मोनिका देवांगन ने सम्मानित किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति श्रीमती देवांगन ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वह कड़ी होती है जो शिशु के गर्भकाल से लेकर शिक्षणकाल तक, एक-एक परिवार से जुड़कर कार्य करती हैं। बच्चों के भविष्य की नींव को मजबूत करती है। मौके पर श्रीमती मीना साहू जिला पंचायत सभापति, श्रीमती धनेश्वरी साहू जिला पंचायत सदस्य, ऋषभ देवांगन, डेमू साहू श्रीमती जगरानी एक्का जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रीमती टिंकी साहू सुपरवाइजर तथा अछोटा सेक्टर की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थी।

महानदी उद्गम स्थल बना आकर्षण का केन्द्र

# सावन के तीसरे सोमवार को कर्णेश्वर मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

सावन माह के तीसरे सोमवार को महानदी के उद्गम स्थल और सिहावा के देऊर पारा में स्थित प्राचीन कर्णेश्वर मंदिर में बोल बम कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हजारों श्रद्धालु पवित्र महानदी में सुबह से आस्था की डुबकी लगाकर भगवान शिव को जल अर्पित करने मंदिर पहुंचे।

इन दिनों पूरा नगरी-सिहावा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा हुआ है। विशेष रूप से छत्तीसगढ़, बस्तर और ओडिशा के विभिन्न क्षेत्रों से भक्तों का लगातार आगमन हो रहा है।

कांवड़ियों की सुविधा हेतु कर्णेश्वर मंदिर ट्रस्ट द्वारा ठहरने एवं प्रसाद वितरण की समुचित व्यवस्था की गई है। ट्रस्ट के अध्यक्ष विकल गुप्ता ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता दी जा रही है और दानदाताओं के सहयोग से प्रसादी एवं अन्य व्यवस्थाएं लगातार संचालित की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि यह भोलेनाथ की कृपा है कि हर साल हजारों श्रद्धालु यहां आकर मनोकामना पूर्ण करते हैं। ट्रस्ट की ओर से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई वहीं श्रद्धालुओ के लिए बोल बम समितियों द्वारा भंडारे की भी व्यवस्था की गई है। नगरी के बजरंग चौक पर श्रद्धालु हर हर महादेव और बोल बम के जयकारों के साथ डीजे की धुन और पानी के फुहारों के बीच झूमते-नाचते रहे। पूरे क्षेत्र में शिवभक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला।

सिहावा स्थित महानदी के उदगम स्थल पर इन दिनों चित्रकारी दृश्य लोगों के लिए खास आकर्षण बन गया है। श्रद्धालु दूर-दूर से आकर गंगा मइया के दर्शन कर रहे हैं और प्रकृति की गोद में बसे इस पावन स्थल की सुंदरता का आनंद ले रहे हैं। महेंद्र गिरि पर्वत और वहां स्थित श्रृंगी ऋषि आश्रम भी श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र बना हुआ है। लोग पहाड़ों की गोद में बसे इस दिव्य स्थान में शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कर रहे हैं।

## धीवर समाज की महिलाओं ने मनाया सावन तिहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



सावन मास में हर वर्ष धीवर समाज की महिलाओं द्वारा सावन तिहार का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में शीतला माता मंदिर में सावन झूला, कुर्सी दौड़ एवं बिंदी लगाओ प्रतियोगिता सहित अनेक मनोरंजक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिलाओं ने भगवान भोले शंकर की सामूहिक पूजा-अर्चना की तथा सावन झूले का आनंद लिया।

कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ की संरक्षक संध्या हिरवानी, अध्यक्ष आशा धीवर, उपाध्यक्ष शीला धीवर, सचिव धृति हिरवानी, कोषाध्यक्ष रेवती ओझा, वेणुका हिरवानी उपकोषाध्यक्ष, सावित्री कोसरिया, पार्वती सपहा, कामिनी धर्मगुड़ी, सुरेखा तारक, दुर्गेश्वरी जगबेड़हा, हेमपुष्पा फूटान, शशि हिरवानी, शालु गुहा, रीना हिरवानी, दिनेश्वरी हिरवानी, राखी रिगरी, योगिता हिरवानी सहित बड़ी संख्या में धीवर समाज की महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रथम आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### अभा पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने दी वीर शहीदों को श्रद्धांजलि

**जीजामगांव।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ जिला रायपुर एवं पूर्व सैनिकों, सैन्य मातृशक्ति तथा गणमान्य नागरिकों के सहयोग से कारगिल विजय दिवस समारोह शहीद स्मारक भवन रायपुर में मनाया गया। कार्यक्रम के अतिथि श्रीमती निशा यादव, प्रतीक यादव, श्रीमती शकुंतला पांडे, राजेश अग्रवाल, डॉ उदयभान, हरीश प्रसाद जोशी, अमिताभ दुबे, अनु तारक जिला पंचायत सभापति रायपुर, कर्नल हरिंद्र त्रिपाठी, किशोरी लाल साहू थे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पोस्टर का अनावरण कर अभियान की शुरुआत की

## गौ विज्ञान परीक्षा 4 नवंबर को, प्रदेश स्तर पर प्रथम आने वाले हर विजेता को मिलेंगे 51 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



गौवंश न सिर्फ धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है अपितु उसका पर्याप्त वैज्ञानिक आधार भी है। हमारे स्वस्थ एवं सुखमय जीवन के लिए गौवंश आवश्यक है। यदि गोवंश नहीं रहेगा तो सृष्टि भी समाप्त हो जाएगी। गौवंश की चिंता सरकार के साथ-साथ समाज को भी करने की आवश्यकता है और यह हम सबका नैतिक दायित्व भी है।

गौवंश का हमारे जीवन में महत्व ,सृष्टि के पारिस्थितिक तंत्र हेतु महत्व, ग्लोबल वार्मिंगरोकने व्यापक महत्व सहित उसके पंचगव्य का प्रचार-प्रसार करने एवं सभी को उसका दायित्व बोध कराने छग राज्य गौर संरक्षण एवं संवर्धन समति द्वारा गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाता है। विगत वर्ष भी परीक्षा हुई जिसमें पूरे प्रदेश से एक लाख से अधिक प्रतिभागी सम्मिलित हुए। इस वर्ष पुनः आगामी 4 नवंबर को यह परीक्षा पूरे प्रदेश में एक साथ आयोजित की जाएगी। सुबोध राठी प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पोस्टर का अनावरण कर अभियान की शुरुआत की है।

लगभग 10,000 विद्यालयों एवं 1000 उच्च शिक्षण संस्थानों तक पहुंचने का लक्ष्य है। गौसेवा के साथ किचन गार्डन के निर्माण पर भी फोकस रहेगा। आगे बताया कि माध्यमिक, उच्च माध्यमिक एवं महाविद्यालय में परीक्षा होगी। प्रदेश स्तर पर प्रथम आने वाले प्रत्येक विजेता को 51,000 नगद, द्वितीय को 31,000 नगद एवं तृतीय को 21,000 नगद का पुरस्कार एवं गौमय उत्पाद का किट प्रदान किया जाएगा। जिला स्तर पर क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वालों को 3100, 2100, 1100 नगद एवं गौ उत्पाद किट प्रदान किया जाएगा। सभी प्रतिभागियों को संस्था द्वारा गौ विज्ञान ग्रंथ एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। पंजीयन के लिए अपनी संस्था के प्राचार्य, गौ विज्ञान प्रभारी से संपर्क कर सकते हैं। तैयारी में अन्ना सकारे, देवेन्द्र गवेल, कृष्णचन्द्र प्रधान, डॉ. अमित पाण्डे, दुलार सिंह सिन्हा, अश्वनी कुमार चौधरी, मुकेश कुमार साहू, योगेश्वर प्रसाद यादव, अरूणांचल कौशिल, गुरमीत सिंग, सुभाष कुमार साहू, रेमन नान्द्रे, रमनलाल साहू, लालिमा जायसवाल, चन्द्रप्रकाश अग्रवाल, डॉ. गजेन्द्र तिवारी, रत्नाकर खड़की, मृत्युन्जय पाण्डे, मनोज पाण्डे, शम्भूदास महंत, कौशलेन्द्र सिंह जुटे हैं।

### कॉलेज छात्रों को दी देश सेवा की प्रेरणा

**मगरलोड।** यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि बीएसएफ में चयनित चंदन देवांगन और संजीव नाग थे। संजीव कुमार ने बताया कि वह ग्राम अमलीडीह से हैं और सेना में जाने की प्रेरणा उन्हें अपने गांव के ही सीनियर छात्रों से प्राप्त हुई। उन्हीं के सहयोग से उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को सेना में जाने और देश की सेवा करने की प्रेरणा दी।

### टेंगना स्कूल में हरेली पर हुआ पौधारोपण

**नगरी।** शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाल टेंगना में हरेली पर्व पौधरोपण कर मनाया गया। कक्षा चौथी के विद्यार्थी गोपेश कश्यप ने अपने जन्मदिन को यादगार बनाते हुए नारियल का पौधा रोपा। उनके परिवार द्वारा शाला परिवार को न्योता भोजन भी प्रदान किया गया। गेड़ी चढ़कर सभी बच्चों ने हरेली पर्व मनाया। शिक्षक संतोष बांधव ने बताया कि नवाचार के साथ ही संस्कृति एवं संस्कार हमारी धरोहर है।

## समाज में परिवर्तन लाने का सामर्थ्य शिक्षक में ही होता है

- कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जिले की शिक्षा गुणवत्ता पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण कुमार सार्वा की अध्यक्षता एवं गौकरण साहू उपाध्यक्ष एवं पदेन सभापति शिक्षा विभाग की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जिले की शिक्षा गुणवत्ता पर चर्चा की गई। बैठक का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले के नेतृत्व में हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि समाज में परिवर्तन लाने का सामर्थ्य शिक्षक में ही होता है। आज बच्चों को नैतिक शिक्षा की आवश्यकता है। सरकारी स्कूलों की विश्वसनीयता बढ़ाये जाने की आवश्यकता है। शिक्षा गुणवत्ता में अपनी ओर से पूरा सहयोग एवं समर्थन दिये जाने का आश्वासन किया। गौकरण साहू ने कहा कि आज बच्चों को शिक्षा के साथ ज्ञान की आवश्यकता है। प्रारंभिक स्तर पर नींव को मजबूत किया जाना है। ए.एन. बनपेला पूर्व प्राचार्य नगरी ने कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। उन्हें अवसर एवं मार्गदर्शन हेतु विशेष कोचिंग की आवश्यकता है। बी.पी. चन्द्रा प्राचार्य सेजेश सिंगपुर ने एन.ई.पी. 2020 के उद्देश्य को लोगों तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कर्मचारी फेडरेशन के अध्यक्ष चन्द्रकुमार चन्द्राकर ने शिक्षा गुणवत्ता के लिए संसाधन बढ़ाने पर जोर दिया। डॉ भूषण चन्द्राक ने कहा कि जब शिक्षा की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी, फिर भी बेहतर इंसान बनते थे। आज पर्याप्त संसाधन होने पर भी ऐसा नहीं हो पाना चिंतन का विषय है। बच्चों में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है। इसे रोकने शालाओं से 500 मीटर की दूरी तक नशीली पदार्थों को बेचने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगे। तुमनचंद साहू इनकम टैक्स अधिकारी ने अभी तक 160 शालाओं को स्मार्ट टीवी खरीदने में योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि टीवी शिक्षकों की कमी को पूरा करने में एक अच्छा माध्यम बनता जा रहा है। अमित महोबे संगठन पदाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालयों में कम से कम तीन शिक्षकों की अनिवार्यता पर जोर दिया। एसके प्रजापति प्राचार्य पीएम नगरी ने समुदाय को जोड़कर शिक्षा बेहतर बनाने का सुझाव दिया। श्रीमती लीना जठेवा पीएम बठेना ने बच्चे को शिक्षा के साथ अन्य विधाओं पर अवसर प्रदान करने का सुझाव रखा। श्रीमती अनीमा अग्रवाल प्राचार्य उमावि सांकरा ने पालकों को जागरूक करने, अनुशासन स्थापित करने पर जोर दिया। पी.सी. झा प्राचार्य बेलरगांव ने क्वालिटी एजुकेशन, पालकों का व्हाट्सअप ग्रुप बनाने, संध्याकालीन प्रार्थना सभा आयोजित कर नैतिक शिक्षा पर कार्य करने जोर दिया गया। गेवाराम नेताम प्राचार्य, बिरेतरा ने टीम भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। दिनेश पाण्डेय प्रधानपाठक ने खेल मैदान को सुलभ बनाने पर जोर दिया। नरेन्द्र साहू प्राथमिक शिक्षक ने प्रार्थना सभा को सशक्त बनाने, बाल साहित्य का उपयोग करने का सुझाव दिया। दौलत ध्रुव प्राथमिक शिक्षक ने वातावरण निर्माण, नशा उन्मूलन, मासिक जांच परीक्षा पर फोकस किया। जोहन नेताम डाईट प्रतिनिधि ने पालकों को जोड़कर शिक्षा गुणवत्ता पर कार्य करने पर जोर दिया। देवेश सूर्यवंशी सहायक परियोजना अधिकारी ने सभी सुझाव को शाला स्तर पर अमल करने कहा। कार्यक्रम का संचालन सहायक कार्यक्रम समन्वयक नंदकिशोर साहू ने किया। मौके पर श्रीमती बी. मैथ्यू प्राचार्य शिवसिंह वर्मा, शैलजा पाण्डेय प्राचार्य सेजेस गोकुलपुर, मोनेश सिंग प्राचार्य पीएम उमावि कुरूद, प्रेमसिंग दिवान प्राचार्य पीएम भैंसमुंडी, हरीश सिन्हा व्याख्याता नत्थूजी जगताप धमतरी समेत सभी विकासखंडों से विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक एवं राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा संकुल समन्वयक उपस्थित थे।

## छात्रों ने बैलेट पेपर से चुना अपनी पसंद का शालानायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रांवा में लोकतांत्रिक पद्धति से छात्रसंघ का चुनाव संपन्न किया गया। कक्षा 12वीं से तीन प्रत्याशी श्रेया गोस्वामी, योगमाया व देवऋषि देशमुख मैदान में थे। छात्र-छात्राओं ने बैलेट पेपर से अपनी पसंद के प्रत्याशी को वोट किया। कुल 230 वोट डाले गये, जिसमें योग माया को 35 वोट, श्रेया गोस्वामी को 55 व देव ऋषि देशमुख को 137 वोट प्राप्त हुए। 3 वोट रिजेक्ट पाये गये। सबसे ज्यादा 137 वोट पाने वाले प्रत्याशी देवऋषि देशमुख को शाला नायक घोषित किया गया। शाला नायक देवऋषि देशमुख एवं उपशाला नायक श्रेया गोस्वामी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। प्राचार्य केश कुमार सेन ने लोकतांत्रिक पद्धति का महत्व बताया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रूप में व्याख्याता शेषनारायण सिन्हा, सहायक उप निर्वाचन अधिकारी, लोकेश्वर सिंह साहू, अनिल कुमार यादव, पीठासीन अधिकारी उत्तम कुमार साहू, मतदान अधिकारी क्रमांक-1 अहेद अली, मतदान अधिकारी क्रमांक 2 प्रमोद कुमार ब्रह्मदेव, क्रमांक 3 संतोष निर्मलकर रहे।

## पाइप लाइन बिछाने खोदी सड़क, आवागमन में परेशानी

- हटकेशर वार्ड के पार्षद ने सड़क की मरम्मत कराने आयुक्त को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



हटकेशर वार्ड में एसटीपी प्लांट हेतु पाइपलाइन बिछाने के कारण खोदे गए सीसी रोड की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग को लेकर पार्षद सूरज गहरवाल ने आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि हटकेशर वार्ड में एसटीपी प्लांट से स्वच्छ पानी को नागेश्वर तालाब में भरने के उद्देश्य से पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया गया था। इस कार्य के दौरान सीसी रोड की खुदाई की गई, जिससे वहां की सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। इससे आम नागरिकों को आवागमन में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आयुक्त से खुदाई से क्षतिग्रस्त सीसी रोड की तत्काल मरम्मत एवं पुनः निर्माण कराने की मांग की। आगे कहा कि जब तक क्षतिग्रस्त सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होता, तब तक वार्डवासियों ने आगे एसटीपी प्लांट के पाइप लाइन विस्तार कार्य को रुकवाने का सामूहिक निर्णय लिया है।

## मध्यान्ह भोजन रसोईया संघ हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छत्तीसगढ़ स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोईया संयुक्त संघ के बैनरतले जिले के सभी रसोईये तीन दिन की हड़ताल पर चले गए हैं। इनकी तीन प्रमुख मांगे चुनाव घोषणा पत्र के अनुसार 50 प्रतिशत मानदेय, अंशकालीन को पूर्णकालीन करते हुए रसोईया को कलेक्टर दर पर मानदेय, स्कूल से छात्र-छात्राओं की दर्ज संख्या कम होने पर रसोईयों को काम से निकालना बंद करें। जिलाध्यक्ष इंद्राणी निषाद ने बताया कि तीन दिन की हड़ताल से स्कूलों में मध्यान्ह भोजन प्रभावित हुआ है। धरना में त्रिवेणी, गायत्री, पूनाबाई, लताबाई, संतोषी, रूक्मणि, कविता, फगनी, मालती, अंजनी, जमना, हेमिन, सुशीला, कुंती, गणेशिया, अनसुईया, रोशनी, चित्ररेखा सहित बड़ी संख्या में रसोईया शामिल हुई।

## खरेंगा स्कूल में फूलदार छायादार एवं फलदार पौधे रोपे




हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरेंगा में पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। सरपंच श्रीमती नीलम साहू, सुभाष साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, राम खिलावन साहू सदस्य, प्राचार्य श्रीमती अनीता वैद्य, एमआर निषाद सचिव, टीआर साहू, पंचगणों, शिक्षकों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत खेल परिसर में फूलदार, छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण कर अपने दायित्व का निर्वहन किया। सबने प्रकृति का संरक्षण और संवर्धन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी शेषनारायण गजेंद्र ने किया।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)

प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण (शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
रायपुर रोड, ग्राम - लिमतरा, धमतरी
जिला - धमतरी (छ.ग.)
9300696600, 9300407100
TEAM CREATIVE

## खबर संक्षेप

### नवीन आपराधिक कानूनों की बैठक 29 को

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की उपस्थिति में नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के संबंध में 29 जुलाई को बैठक आयोजित की गई है। सुबह 10 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में सभी संबंधितों को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### पांचवीं और आठवीं का पूरक परीक्षा परिणाम घोषित

**धमतरी।** केन्द्रीयकृत पूरक परीक्षा 202 कक्षा पांचवीं और आठवीं का परीक्षा परिणाम 25 जुलाई को घोषित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कक्षा पांचवीं की केन्द्रीयकृत पूरक परीक्षा में पंजीकृत 124 विद्यार्थियों में से 16 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 49 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी, 11 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में पास हुए तथा 48 विद्यार्थियों को क्रमोन्नति की पात्रता मिली है। इसी तरह कक्षा आठवीं में पंजीकृत 701 विद्यार्थियों में से 26 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 91 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी, 187 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी और 397 विद्यार्थियों को क्रमोन्नति की पात्रता दी गई है।

### तीन चरणों में प्रवेश की प्रक्रिया निर्धारित

**धमतरी।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों में तीन चरणों में प्रवेश की प्रक्रिया निर्धारित की गई थी जिसके अंतर्गत प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 25 जुलाई थी। इसके पश्चात रिक्त स्थान सभी वर्ग के लिए खोल दिया गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में 29 जुलाई को सभी वर्ग की रिक्त सीट को सामान्य वर्ग परिवर्तित किया जाना है। इच्छुक छात्र-छात्राएं महाविद्यालय में प्रवेश के लिए संपर्क कर सकते है।

### कालसर्प दोष शांति पूजन आज

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद द्वारा 29 जुलाई मंगलवार को नागपंचमी पर्व पर रूद्रेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण रूद्री में कालसर्प दोष शांति पूजन का कार्यक्रम सुबह 10 बजे होगा। परिषद ने अपील की है कि जिस यजमान का पंजीयन हुआ है, वे समय का ध्यान रखते हुए रूद्रेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में पहुंचेंगे। यह जानकारी परिषद के मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने दी।

### नगर निगम भगवान भरोसे : वाधवानी

**धमतरी।** कांग्रेस के युवा नेता गौतम वाधवानी ने कहा कि नगर पालिका निगम भगवान भरोसे चल रहा है।



कांजी हाउस से गायें गायब हो रही हैं। गली मोहल्लों में मवेशियों का जमावड़ा है। लोग गोबर से फिसलकर गिर रहे हैं। हर जगह बदबदाती नालियां है। सड़कों पर गड्ढे हैं। सत्ता के नशे में चूर निगम के जनप्रतिनिधि जनता की मूलभूत सुविधाओं से कोसो दूर हैं। ड्रेनेज सिस्टम की पोल खुल ही गई। जनता को परेशान करने के लिए भरी बारिश में पाइप लाइन बिछाने के नाम से सड़कों को खोद छोड़ दिया गया। आमापारा में पानी का भराव जारी है। नगर पालिका निगम भगवान भरोसे चल रहा है।

---

शीतलापारा, सुभाषनगर, हटकेशर का किया भ्रमण

# धूमधाम से निकली नागदेव की पालकी यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

प्रकृति पूजन का पर्व नागपंचमी की पूर्व संध्या पर नागदेव की पालकी यात्रा हर्षोल्लास से निकाली गई। आदिवासी रेला-पाटा नृत्य की अगुवाई में निकली नागदेव की पालकी देखने लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। पालकी यात्रा नागमंदिर से होकर शीतलापारा, सुभाषनगर, हटकेशर, बरपारा होते हुए वापस मंदिर पहुंची। जहां महाआरती, पूजन-हवन के साथ नागदेव को गर्भगृह में विराजमान किया गया। यात्रा के दौरान पालकी का जगह- जगह स्वागत, पूजा-पाठ किया गया।

नागपंचमी महोत्सव आयोजन समिति की कार्यकर्ता भगवती साहू, दुर्गा साहेब, संगीता देवांगन, गिरिजा देवांगन आदि ने बताया कि नागपंचमी का पर्व हटकेशरवासियों के लिए विशेष महत्व रखता है। यह प्रदेश का एकलौता नाग मंदिर है। नाग मंदिर तथा यहां विराजित प्रतिमा 11वीं सदी की है। नागपंचमी की पूर्व संध्या पर नाग-नागिन जोड़ा की पालकी निकाली गई जिसमें सैकड़ों नगरवासी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि नागपंचमी महोत्सव मनाने एवं पालकी यात्रा निकालने का उद्देश्य जैव विविधता में संतुलन के प्रति लोगों में जागरूकता लाना और ऐतिहासिक नाग मंदिर का प्रचार-प्रसार करना है। इस दौरान लक्ष्मीनारायण साहू, प्रशांत मीनपाल, अशोक पटेल, लोकेश नेताम, श्याम देवांगन, गैंदूराम साहू, लखनलाल साहू, कैलाश ध्रुव, नारायण देवांगन, जगतराम साहू, संतोष देवांगन, धनीराम, उर्मिला साहू, काव्या निषाद, दिव्या निषाद, देवश्री, मनीष गौरी, महेंद्र खंडेलवाल, सूरज यादव सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद थे।



### कालसर्प पूजा अनुष्ठान आज

हटकेशर नागपंचमी आयोजन समिति के पदाधिकारी शांतिलाल देवांगन, गिरधर देवांगन, यशवंत देवांगन ने बताया कि 29 जुलाई मंगलवार को कालसर्प दोष निवारण अनुष्ठान नाग मंदिर प्रांगण में किया जाएगा। 20 जातक अनुष्ठान में शामिल हो रहे हैं। अनुष्ठान त्रयंबकेश्वर ज्योर्तिलिंग से पहुंचे आचार्य पं. शिवाप्रसाद चतुर्वेदी के सानिध्य में विद्वान पंडित करेंगे। अनुष्ठान सुबह 7 बजे से शुरु होगा।

### आदिवासी समाज ने किया कलाकारों का सम्मान

आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के संतराम ठाकुर, भागीरथी नेताम ने बताया कि रेला पाटा नृत्य के कलाकारों का आदिवासी ध्रुव गोंड समाज ने अपने सामाजिक भवन में पुष्पगुच्छ एवं तिलक लगाकर सम्मान किया। नागदेव की पालकी यात्रा में आदिवासी समाज के प्रत्येक घर से लोग शामिल हुए।

---

# शिवालयों में जल चढ़ाने भक्तों में उत्साह





■ सावन के तीसरे सोमवार को शिव मंदिरों में रही भक्तों भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सावन के तीसरे सोमवार को शहर के शिवालयों में जलाभिषेक करने भक्तों की कतार लगी रही। भक्तों ने जलाभिषेक कर भगवान से मनोकामना की। कांवरियों ने महानदी से पवित्र जल लाकर सभी शिवलिंग में अभिषेक किया।

महानदी से जल लेने अलसुबह ही कांवरिये नदी तट पर पहुंचे। महाआरती पश्चात रूद्रेश्वर महादेव में जल अर्पित किया, तत्पश्चात नदी से जल लेकर पैदल शहर स्थित शिवालयों में जलाभिषेक किया। रुद्रेश्वर से निकलकर कांवरियों ने विंध्यवासिनी मंदिर से सदर बाजार होते हुए मकेश्वर महादेव, नागेश्वर महादेव, बटुकेश्वर महादेव, बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर में स्थित शिवलिंग पर जल चढ़ाया। बोलबम का नारा लगाते हुए कांवरिए भगवा पोशाक में शहर भ्रमण करते रहे। शिवालयों में जल चढ़ाने उत्साह के साथ नागरिकों ने भी भाग लिया।

रूद्री स्थित रूद्रेश्वर मंदिर सहित सभी शिव मंदिरों में इस बार भक्तों की भीड़ ज्यादा रही। भक्तगण जल चढ़ाने अलसुबह ही मंदिर पहुंच गए थे। कतार में लगकर बारी का इंतजार किया। भोलेनाथ को जल, दूध, शहद, दही, गंगाजल, बेलपत्र, शमीपत्र, फूल, मौसमी फल आदि से अभिषेक किया। शिवालयों के आसपास प्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया। भक्तों और कांवरियों को प्रसाद केला, सेवफल, दूध का वितरण किया गया।

---

# बाईपास सड़क हादसे में भैंस की मौत, बाइक चालक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

■ मामा के घर से लौट रहा था युवक

मामा के घर से वापस लौट रहे युवक की बाइक बाईपास में एक भैंस से टकरा गई। घटना में भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है।



मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम मुजगहन निवासी दुष्यंत साहू पिता ओमप्रकाश उम्र 23 वर्ष मोटरसाइकिल से अपने मामा के घर ग्राम खपरी गया था। जहां से रात्रि में बाईपास होते हुए बाइक से अपने घर ग्राम मुजगहन लौट रहा था। इसी दौरान भैंसों का झुंड बाईपास पर खड़ा था। घर जा रहे युवक की बाइक एक भैंस से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही भैंस की मौत हो गई। वहीं बाइक चालक युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पप्पू साहू की एम्बुलेंस से घायल को उपचार के लिए शिवनंदा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल का उपचार जारी है।

### शहर की सड़कों पर मवेशीराज

समाजसेवी शिवा प्रधान का कहना है कि नेशनल हाईवे, बाईपास, स्टेट हाइवे सहित शहर की सड़कों पर मवेशियों का झुंड देखा जा सकता है। इस पर प्रशासन द्वारा किसी तरह का ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसके कारण सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही है। इन हादसों में लोगों की जान भी जा रही है। वहीं गौ माता की मौत भी हो रही है। प्रशासन को इस समस्या को गंभीरता से लते हुए गायों को खुले में छोड़ने वाले मवेशी मालिकों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए।

---

# भाजपा महिला मोर्चा ने पूरे जिले से एकत्रित दस हजार राखियां सौंपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

भाजपा महिला मोर्चा जिला धमतरी द्वारा ऑपरेशन सिपाही रक्षासूत्र के तहत एक राखी देश के वीर सैनिकों के नाम कार्यक्रम के माध्यम से पूरे जिले भर एकत्रित लगभग दस हजार राखियों को रायपुर भारत माता चौक शंकर नगर में महिला मोर्चा प्रदेश की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत, महामंत्री विभा अवस्थी को सौंपा गया। इस अवसर पर महिला मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष हेमलता शर्मा, जिला अध्यक्ष चंद्रकला पटेल, महामंत्री मोनिका देवांगन ने रायपुर भारत माता चौक पहुंचकर देश की सरहद पर तैनात सैनिकों के लिए रक्षा सूत्र एवं घर आंगन की मिट्टी सहित सैनिक भाइयों के नाम धमतरी जिला की बहनों का संदेश भेंट किया। यह बहनों के अटूट स्नेह आभार और आत्मीयता का संदेश है जो उन जांबाज जवानों तक पहुंचाया जा रहा है। यह पहल राष्ट्र भक्ति और सामाजिक सरोकार का अनुपम उदाहरण है। ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र कार्यक्रम के माध्यम से छत्तीसगढ़ प्रदेश से 4 लाख 25 हजार 9 सौ 94 रक्षासूत्र सैनिक भाइयों के लिए बहनों की ओर से भेजा गया।

---

# जनजातीय गौरव राष्ट्रीय संगोष्ठी में देशना होंगी शामिल

■ 1 और 2 अगस्त को खैरागढ़ में होगा दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जनजातीय गौरव राष्ट्रीय संगोष्ठी 1 एवं 2 अगस्त को खैरागढ़ विश्वविद्यालय में आयोजित है। इस संगोष्ठी में 40 से अधिक टॉपिक्स पर देश के अलग अलग हिस्सों से चयनित किए गए वक्ता अपनी बात रखेंगे। इस कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा आदिवासियों की कला, संस्कृति, स्वतंत्रता आंदोलनों में उनके योगदान पर प्रकाश डाला जायेगा। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे आदिवासी बहुल राज्यों में जनजातीय वर्ग का गौरवशाली इतिहास रहा है। गर्व की बात है कि नगर की बेटी देशना कविंद्र जैन इस संगोष्ठी में हिस्सा लेंगी। कुमारी देशना भारतीय जनजातीय कला और उसकी भारतीय राष्ट्रीय आंदोलनों में भूमिका विषय पर अपनी बात रखेंगी। गौरतलब है कि कुमारी देशना भारतीय विरासत संस्थान नई दिल्ली में हिस्ट्री ऑफ आर्ट्स विषय की छात्रा हैं। वह वयोवृद्ध भाजपा नेता गजराज जैन की सुपौत्री एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष कविंद्र जैन की पुत्री हैं।



---

# शास्त्रीय नृत्य एवं संगीत कम्पिटिशन में दिखाई प्रतिभा




**धमतरी।** नटराज कला परिषद एवं नटराज संगीत अकादमी द्वारा ऑल इंडिया लेवल पर शास्त्रीय नृत्य एवं संगीत कम्पिटिशन सनबीम ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन इंस्टिट्यूट वाराणसी में हुई। इस प्रतियोगिता में धमतरी शहर की श्रीमती कलेश्वरी साहू के निर्देशन में कथक नृत्य के दो विद्यार्थी ने अपना प्रदर्शन किया। जूनियर वर्ग में गुंजन यादव ने अपना विशेष स्थान बनाया। सीनियर वर्ग में पंखुड़ी कुलकर्णी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। यूथ वर्ग में रविकांत गजेंद्र व्याख्याता कृष्ण संगीत महाविद्यालय धमतरी के निर्देशन में मिथिलेश कुमार कौशिक को तबला वादन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गुंजन यादव, पंखुड़ी कुलकर्णी, श्रीमती कलेश्वरी साहू और मिथलेश कौशिक ने अपनी सांगीतिक मेहनत कर प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया। इस उपलब्धि पर संस्था के संस्थापक पीबी पराडकर, प्राचार्य वीरेंद्र साहू, रविकांत गजेंद्र, दीपाली कलिहारी, धनेंद्र साहू, गिरीश साहू, ममता यादव, आकाश गिरी गोस्वामी, भोजराज साहू, डॉ भूपेंद्र सोनी, डॉ गुरूदयाल साहू, शशि प्रभा, अंजु गोस्वामी, अपूर्व विश्वकर्मा, नवीन शर्मा, मिलिन्द कुलकर्णी साहू, रविकांत सिन्हा, सावंत यादव एवं मदनमोहन दास ने हर्ष जताया है।

---

# ट्रक व कार की टक्कर से गोकुलपुर में लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

■ कार की ठोकर से स्कूटी सवार घायल

गोकुलपुर भटगांव चौक के पास ट्रक व कार की टक्कर से सड़क पर जाम लग गया। वहीं तेज रफ्तार कार की ठोकर से स्कूटी सवार महिला घायल हो गई।

शहर का अतिव्यस्तम मार्ग बन चुके रूद्री रोड में गोकुलपुर से अंबेडकर चौक के बीच अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इस मार्ग में ट्रैफिक बढ़ जाने से हमेशा वाहनों का दबाव बना रहता है। सोमवार को भी गोकुलपुर के भटगांव चौक में दो वाहनों के बीच टक्कर हो गई। भटगांव में एफसीआई गोदाम होने के कारण ट्रकों को गोकुलपुर भटगांव चौक से होते हुए जाना पड़ता है। भटगांव रोड में ट्रकों की एन्ट्री करते समय चौक में अक्सर जाम लग जाता है। सोमवार को एक थार वाहन रूद्री रोड गोकुलपुर से गुजर रहा था। इसी दौरान ट्रक ने थार वाहन को साइड से टक्कर मार दी। घटना के बाद भटगांव चौक में दोनों तरफ वाहनों की कतार लग जाने से घंटेभर सड़क जाम हो गया था, जिसके कारण लोगों को समस्या का सामना करना पड़ा।





हालांकि वाहनों की टक्कर से किसी को चोट नहीं आई है। इसी तरह रूद्री रोड में दूसरी सड़क दुर्घटना दोपहर में पेट्रोल पंप के पास हुई है। पेट्रोल डलवाने के लिए पेट्रोल पंप जा रहे एक्टिवा सवार को तेज रफ्तार कार पीछे से ठोकर मार मौके से फरार हो गई। घटना में स्कूटी सवार हुमनलाल साहू व पीछे बैठी महिला अनुसुईया साहू गोकुलपुर निवासी घायल हो गए। घायलों को शिवा प्रधान ने रक्तदान एम्बुलेस की मदद से उपचार के लिए श्रीराम अस्पताल पहुंचाया।

---

# नगर निगम ने सात आवारा मवेशी पकड़े



■ गंदगी फैलाने वाले पर दो हजार जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगर निगम द्वारा शहर की स्वच्छता एवं सुव्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में लालबगीचा एवं कृदत्त कॉलोनी क्षेत्र में आवारा घूम रहे मवेशियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। नगर निगम की टीम ने क्षेत्र में आवारा रूप से विचरण कर रहे कुल 7 गायों को पकड़कर अर्जुनी स्थित गौठान में सुरक्षित पहुंचाया।

इन मवेशियों के कारण सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलने की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही थीं, साथ ही आवागमन में भी बाधा उत्पन्न हो रही थी। नगर निगम की टीम ने तत्परता से कार्यवाही करते हुए मवेशियों को नियंत्रित किया एवं संबंधित पशुपालक की पहचान कर 2000 का जुर्माना वसूला। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि सड़कों पर मवेशियों को छोड़ना न केवल नगर की स्वच्छता के लिए हानिकारक है, बल्कि यह आमजन की सुरक्षा के लिए भी खतरा उत्पन्न करता है। निगम ने पशुपालकों को चेतावनी दी है कि भविष्य में यदि इस प्रकार की पुनरावृत्ति पाई जाती है, तो अधिक कठोर आर्थिक दंड के साथ-साथ कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छता अभियान में सहयोग प्रदान करें एवं अपने मवेशियों को खुले में न छोड़ें।

---

# प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शिविर 29 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को अपने घरों की छत पर रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके तहत केन्द्र सरकार द्वारा 78000 रूपये तक तथा राज्य सरकार द्वारा 30000 रूपये तक सब्सिडी दी जा रही है। इससे न केवल घर का बिजली बिल शून्य हो जाता है, बल्कि ग्रिड में दी गई बिजली से अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है। बैंकों से 7 प्रतिशत दर से बैंक ऋण दिए जाने का प्रावधान है। विद्युत उपभोक्ताओं को सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने तथा आवेदन की प्रक्रिया को एक ही स्थान पर पूर्ण करवाने के लिये 29 जुलाई मंगलवार को रोहरा कालोनी, 31 जुलाई गुरुवार को महालक्ष्मी ग्रीन विवेकानंद नगर, 2 अगस्त शनिवार को महालक्ष्मी इन, सिहावा रोड एवं 5 अगस्त मंगलवार को अमलतासपुरम् में शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

धमतरी संभाग के कार्यपालन अभियंता अनिल प्रसाद सोनी ने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि शासन की महती योजना का अधिक से अधिक लाभ उठायें।

---

# पचपेड़ी स्कूल में देश के अमर शहीदों को किया याद

**कोर्रा(भखारा)।** शाउमावि पचपेड़ी में कारगिल विजय दिवस पर देश के अमर शहीदों को याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। प्राचार्य रवींद्र कोसरे के निर्देशन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मिथिलेश सिन्हा के मार्गदर्शन में रासेयो इकाई के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय सेना के पूर्व सैनिक देवनाथ सोनकर ने अपने 17 वर्षों के सेवाकाल से जुड़ी हुई यादों एवं घटनाओं का अनुभव स्वयंसेवकों से साझा किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com




11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
मां मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट



■ बोटाक्स फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पॉलिशिंग
■ लेज़र फेशियल
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020